## पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 05-03-2025 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद ।

## थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 10 हजार रुपये के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सनी उर्फ सनिया को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिफ्तार ।

- अभियुक्त सनी उर्फ सनिया थाना टूण्डला पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 608/24 धारा 303(2), 317(2) में वांछित अभियुक्त है ।

- अभियुक्त के विरुद्ध चोरी, लूट, बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला, छेड़खानी, रेप, अवैध असलहा एवं अवैध शराब सम्बन्धी गम्भीर अपराधों में करीब 02 दर्ज अभियोग विभिन्न जनपद के थानों में हैं पंजीकृत ।
- सनी उर्फ सनिया थाना टूण्डला का 10 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त है ।
- अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल, 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस एवं लूटे गये 05 हजार रुपये बरामद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिरसागंज का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त एवं थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 608/24 में वांछित लुटेरा / टप्पेबाज अभियुक्त सनी उर्फ सनिया किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा नगला राई मोड़, सोथरा रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान 10 हजार रुपये के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सनी उर्फ सनिया पुत्र महेन्द्र सिंह के रुप में हुई है जोकि थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 608/24 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस0 में वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस एवं लूटे गये 05 हजार रुपये बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. सनी उर्फ सनिया पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 चोरी की मोटरसाइकिल।
2. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
3. 01 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस।
4. लूटे गये 05 हजार रुपये बरामद।

**अभियुक्त सनी उर्फ सनिया का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 429/2015 धारा 31(ए) क्रिमिनल लॉं एक्ट व धारा 147/148/149/307/323/332/336/353 भादवि थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0778/2015 धारा 147, 148, 323, 427, 504, 506 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 779/2015 धारा 323,324,504, 506 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 210/2016 धारा 323/325/354/376/452/504/506/511 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 282/2016 धारा 323/452 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 845/2016 धारा 392 भादवि0 थाना शिकोहावाद जिला फिरोजाबाद।
7. मु0अ0सं0 210/2016 धारा 323/325/354/376/452/504/506/511 भादवि0 थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।
8. मु0अ0सं0 1559/16 धारा 379/411 भादवि0 थाना कोतवाली जिला मैनपुरी।
9. मु0अ0सं0 215/2016 धारा 147, 323, 325, 354, 427, 452,504,506 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फ़िरोज़ाबाद।
10. मु0अ0सं0 1288/2017 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद।
11. मु0अ0सं0 531/2017 धारा 392/411 भादवि0 थाना हरीपर्वत जिला आगरा।
12. मु0अ0सं0 002/2018 धारा 307/393 भादवि0 थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद।
13. मु0अ0सं0 341/2018 धारा 323/376/354/325/452/504/506/511 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
14. मु0अ0सं0 188/2019 धारा 379/411 भादवि0 थाना पीनाहट जिला आगरा।
15. मु0अ0सं0 06/2020 धारा 392 भादवि थाना बसई अरेला जिला आगरा।
16. मु0अ0सं0 091/2021 धारा 392/411 भादवि0 थाना नगला खंगर जिला फिरोजाबाद।
17. मु0अ0सं0 139/2021 धारा 392/411 भादवि0 थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद।
18. मु0अ0सं0 373/2021 धारा 307 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
19. मु0अ0स0 375/2021 धारा 379/411 भादवि0 थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
20. मु0अ0सं0 406/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
21. मु0अ0सं0 20/2022 धारा 60/63 आ0अधि0 व 272 भादवि0 सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
22. मु0अ0सं0 608/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस0 थाना टूंडला जिला फिरोजाबाद।
23. मु0अ0सं0 498/2024 धारा 115(2)/333/351(3)/352 बीएनएस0 सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।
24. मु0अ0सं0 122/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2. उप निरीक्षक अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. उप निरीक्षक राज नारायण थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4. उप निरीक्षक भैया लाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0कां0 शिव शंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0कां0 पवन चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
7. कां अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
8. कां विकास सिद्धू थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
9 . कां सचिन खोखर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।